## बाबा श्याम के निशान चढ़ाए

**निवाई,** (निसं)। खाटू श्याम मंडल पहाड़ी के तत्वावधान में पहाड़ी से निवाई खाटू श्याम जी के लिए पदयात्रा रवाना हुई। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु रामप्रसाद जाट ने बताया कि श्याम पदयात्रा को लेकर ध्वज का विधिवत पूजन करके श्याम बाबा के जयकारों के साथ पहाड़ी से पदयात्रा को रवाना किया गया। जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो गया। पदयात्रा का जुलूस बैंड बाजे एवं डीजे के मधुर भजनों के साथ रवाना हुआ। जिसमें युवक युवतियों ने जमकर भक्ति नृत्य किया। पदयात्रा के जुलूस में शामिल रथ में श्याम बाबा की आकर्षक झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी। पदयात्रियों का जगह-जगह पर पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि पदयात्रा का जुलूस पहाड़ी से होते हुए बरथल तिराह, रजवास मोड, संजय वन, पहाड़ी चुंगी नाका, बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल एवं झिलाय रोड होते हुए श्याम मंदिर पहुंचा। जहां श्याम प्रेमियों एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने पदयात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

# बाबा घनश्याम दास ने गौसेवा को बनाया जीवन का ध्येय : बेढ़म

**डीग,** (निसं)। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि बाबा घनश्याम दास जी महाराज ने अपना पूरा जीवन तप, त्याग, गौसेवा और लोककल्याण के लिए समर्पित कर समाज के सामने सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की। संतों का जीवन केवल आध्यात्मिक साधना तक सीमित नहीं होता, बल्कि उनके विचार और कर्म समाज में संस्कार, सद्भाव तथा सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। बाबा का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा।

बेढ़म गुरुवार को जड़खोर धाम में 1008 गौ लोकवासी बाबा घनश्याम दास जी महाराज की 34वीं पुण्यतिथि पर आयोजित मेले में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बाबा के श्रीचरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बाबा घनश्याम दास जी महाराज की तपस्या और गौसेवा की परंपरा आज भी श्रद्धालुओं को सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। जड़खोर धाम क्षेत्र ही नहीं, बल्कि दूर-दराज के श्रद्धालुओं की आस्था का भी प्रमुख केंद्र है। बाबा की पुण्यतिथि पर आयोजित यह धार्मिक आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बाबा के श्रीचरणों में श्रद्धा अर्पित करना उनके लिए आस्था और सौभाग्य का विषय है। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित मेले में बड़ी संख्या में भक्तजन एवं श्रद्धालु जड़खोर धाम पहुंचे और बाबा को श्रद्धापूर्वक नमन किया। दिनभर धाम में भक्ति और श्रद्धा का माहौल बना रहा।



**बेढ़म ने जड़खोर धाम में बाबा घनश्याम दास जी महाराज की 34वीं पुण्यतिथि पर मेले में संबोधित किया।**

- **गृह राज्य मंत्री बोलेकृसंतों की तपस्या समाज में सेवा, संस्कार और सद्भाव की चेतना जगाती है, जड़खोर धाम में 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धालुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की**

## पावटा में प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**पावटा,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय पावटा में गुरुवार को छात्राओं की सुरक्षा और आत्मविश्वास को मजबूत करने के उद्देश्य से रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य रजनीश कुमार ने की। शिविर में स्थानीय पुलिस अधिकारी सहायक उप निरीक्षक कविता देवी के नेतृत्व में गठित टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने तथा आपात स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के तौर-तरीके समझाए गए। एएसआई कविता देवी ने छात्राओं को राजकॉप सिटीजन एप के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि आपात स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध सुविधाओं का किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है। छात्राओं को आत्मरक्षा की तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया।

## देवली में पहली बार एस सी वर्ग की महिला ने पालिका अध्यक्ष बनी

**देवली,** (निसं )। यहां नगर पालिका में पहली बार एस सी वर्ग की महिला ने पालिका अध्यक्ष का पदभार संभाला है। देवली नगर पालिका मे 75 साल के इतिहास में पहली बार दलित वर्ग की महिला को पालिका अध्यक्ष का यह सम्मान प्राप्त हुआ है। गुरुवार को नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह नगर पालिका के सभागार मे आयोजित हुआ है ।

इस कार्यक्रम में देवली शहर के 35 पार्षदों ने भाग लिया। इस सुनहरे अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। तो वहीं इस अवसर पर पालिका प्रशासन मैं कार्यरत अधिकारी और कर्मचारियों ने भी नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष कजोड़ी देवी बैरवा और पालिका उपाध्यक्ष नेमीचंद जैन का भव्य स्वागत किया है। गुरुवार को कजोड़ी देवी बेरवा और नेमीचंद जैन ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ पालिका अध्यक्ष और पालिका उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन वर्तमान पालिका उपाध्यक्ष और पालिका के अधिशासी अधिकारी अमरचंद गुर्जर ने नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष कजोड़ी देवी का सम्मान के साथ स्वागत करते हुए उन्हें पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया और उन्हें देवली नगर पालिका क्षेत्र के विकास की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान पालिका उपाध्यक्ष नेमीचंद जैन ने पालिका अध्यक्ष कजोड़ी देवी बैरवा को भरोसा दिलाया कि वह देवली नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे। इसी के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष कजोड़ी देवी ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय में विधिवत पूजा-अर्चना के बादअपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर देवली के समाजसेवी पालिका अध्यक्ष पति तनसुख बेरवा भी मौजूद रहे।

# पावटा पंचायत समिति की 30 ग्राम पंचायतों में सरपंच पदों की आरक्षण लॉटरी जारी

**पावटा,** (निसं)। पंचायती राज चुनाव 2026 को लेकर गुरुवार को पावटा पंचायत समिति क्षेत्र की 30 ग्राम पंचायतों के सरपंच पदों के आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया उपखंड कार्यालय पावटा में आयोजित की गई।

रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम बृजेश कुमार ने बताया कि पंचायती राज चुनाव के लॉटरी प्रक्रिया के दौरान पावटा पंचायत समिति क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए आरक्षण के लिए लाटरी निकाली गई जिसमें पंचायत समिति क्षेत्र की कुल 30 ग्राम पंचायत में सरपंच पद के लिए लॉटरी निकाली गई। जिसमें लॉटरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरुषोत्तमपुरा अनुसूचित जाति, बेरी बांध अन्य पिछड़ा वर्ग, सुंदरपुरा ढाढा सामान्य महिला, दांतिल सामान्य, तालवा अनुसूचित जाति महिला, द्वारिकपुरा सामान्य महिला, सुजातनगर अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, भैंसलाना सामान्य, भूरी भडाज सामान्य महिला, रामपुरा अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, पण्डितपुरा सामान्य महिला, टसकोला सामान्य,टोरडा गुजरान सामान्य महिला, दूदावास अनुसूचित जनजाति, बूचारा सामान्य, भौनावास सामान्य, फतेहपुरा खुर्द सामान्य महिला, पांचूडाला अन्य पिछड़ा वर्ग, कारोली सामान्य, रेलां सामान्य महिला, प्रेमनगर अन्य पिछड़ा वर्ग, मण्ढा सामान्य, कैरोड़ी अनुसूचित जाति महिला, भींवजी अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, राजनौता सामान्य महिला, पाथरेडी सामान्य, ठिकरिया सामान्य महिला, तुलसीपुरा अनुसूचित जनजाति महिला, वीर तेजाजी नगर अनुसूचित जाति, टोरडा ब्राह्मणान सामान्य वर्ग के लिए सीट आरक्षित की गई है। लाटरी प्रकिया को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह नजर आया। संभावित उम्मीदवारों एवं ग्रामीणों की नजरें आरक्षण की स्थिति पर टिकी रहीं। आरक्षण की तस्वीर साफ होने के बाद अब चुनाव लड़ने के इच्छुक दावेदारों ने अपनी तैयारियां शुरू कर चुनावी मैदान में उतर चुके हैं।


**एसडीएम बृजेश कुमार ने पावटा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के आरक्षण के लिए लाटरी निकाली।**

- **4 पद अनुसूचित जाति, 2 अनुसूचित जनजाति, 6 ओबीसी और 18 सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित**

## स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया

**निवाई,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया एवं नवप्रवेशित स्वयंसेवकों के लिए ओरियन्टेंशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता कृषि महाविद्यालय के डिन प्रो. रामस्वरूप मीणा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो विकास नौटियाल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. छोटूलाल मीणा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, लक्ष्यों एवं एनएसएस कार्यक्रम की रूपरेखा एवं गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने नव प्रवेतशत स्वयंसेवकों को स्वच्छता एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए बताया कि सभी स्वयंसेवकों का माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है। इसके लिए महाविद्यालय में रजिस्ट्रेशन काउंटर भी बनाया गया है। मुख्य वक्ता प्रो रामस्वरूप मीणा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के से स्वयं सेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज हित में कार्य करने एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति नि:स्वार्थ भाव से करने की प्रेरणा प्रदान की।

# लालसोट में कपिल-ब्रजमोहन ने नगरपरिषद की कमान संभाली

**लालसोट,** (निसं)। ढोल-नगाड़ों की गूंज, वैदिक मंत्रोच्चार और करीब 20 मिनट तक सभागार में गूंजती रही रामधुन के बीच गुरुवार को लालसोट नगरपरिषद में नई कमान ने विधिवत जिम्मेदारी संभाल ली। नवनिर्वाचित सभापति कपिल पुरोहित और उपसभापति ब्रजमोहन सैनी ने धार्मिक अनुष्ठान के बाद नगरपरिषद की कुर्सी ग्रहण कर कार्यभार संभाला।

- **गिरधारीनाथ के दरबार से निकला विजय जुलूस**

कार्यभार ग्रहण करने से पहले सभापति कपिल पुरोहित एवं उपसभापति ब्रजमोहन सैनी पुरोहित पाड़ा स्थित भगवान गिरधारीनाथ महाराज मंदिर से ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में रवाना हुए। बाजार में जगह-जगह लोगों ने दोनों का स्वागत एवं सम्मान किया। जुलूस भगवान परशुराम मंदिर पहुंचा, जहां दोनों ने भगवान परशुराम का आशीर्वाद लिया। इसके बाद जुलूस नगरपरिषद कार्यालय पहुंचा। यहां मुख्य द्वार पर सभापति कपिल पुरोहित एवं ब्लॉक चांदसेन अध्यक्ष दीपक पुरोहित ने चाचा-भतीजे के रूप में नगरपरिषद की चौखट पर माथा टेका और फिर कार्यालय में प्रवेश किया। सभागार में आचार्य पंडित राजेश खांडल एवं सत्यनारायण शर्मा कोण्डयाई वालों के मुखारविंद से निकले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई।

करीब साढ़े 11 बजे सभापति एवं उपसभापति की कुर्सियों पर भगवान गिरधारीनाथ महाराज एवं घाटेश्वरनाथ महादेव को विराजमान कर पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद सभागार में करीब 20 मिनट तक रामधुन गूंजती रही। धार्मिक वातावरण के बीच ठीक 12 बजकर 2 मिनट पर सभापति कपिल पुरोहित एवं उपसभापति ब्रजमोहन सैनी ने कुर्सी ग्रहण कर नगरपरिषद के रजिस्टर में हस्ताक्षर किए। कार्यभार ग्रहण समारोह में नगरपरिषद के नवनिर्वाचित पार्षद अमित शर्मा छोटू भाई जोशी, नंदू सैनी मंडावरा, जीतू बढ़ाया, कमल मीणा, सुनील चतुर्वेदी, बबलू पुरोहित, कमलेश शर्मा, कबू जोशी सहित बड़ी संख्या में पार्षद, जनप्रतिनिधि, समर्थक एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे। समारोह में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी ने माहौल को उत्सवी बना दिया। नवनिर्वाचित सभापति एवं उपसभापति ने मौजूद लोगों का सम्मान स्वीकार करते हुए सभी का आभार जताया।


**सभापति कपिल पुरोहित और उपसभापति ब्रजमोहन सैनी ने धार्मिक अनुष्ठान के बाद नगरपरिषद की कुर्सी ग्रहण कर कार्यभार संभाला।**

## भरतपुर में पंचायती राज आरक्षण लॉटरी निकाली

**भरतपुर,** (निसं)। पंचायतीराज संस्थानों के आगामी आम चुनाव 2026 को लेकर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंचों के पदो के आरक्षण एवं श्रेणीवार आंवटन प्रक्रिया संबंधित उपखंड अधिकारी मुख्यालय पर आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर जिले में सरपंच एवं वार्ड पंच के पदो के लिए एससी, एसटी, ओबीसी एवं महिलाओं के लॉटरी के माध्यम से सीटे आरक्षित की गई। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति सेवर क्षेत्र में सरपंच पदों हेतु सामान्य - मूढौता, पार, तेहरालोधा, ऊँदरा, घुस्यारी, बझेरा, बिलौठी, धौरमुई, मौरोली कलां। सामान्य महिला - झारौली, महुआ, धौर, खैमरा, सुनारी, चिकसाना, रूंध इकरन, हथैनी, जघीना, मंहगाया। अनुसूचित जाति - कसौदा, चिचाना, फुलवारा, पीपला, जाटौली रथभान। अनुसूचित जाति महिला - सिनपिनी, खडैरा, नगला बरताई, नौगाया। ओबीसी - माढौनी, बांसी खुर्द, लुधावई, गांवडी तथा ओबीसी महिला के लिए - कूम्हां, बहनेरा, इकरन ग्राम पंचायत आरक्षित की गई।

इसी प्रकार पंचायत समिति बयाना क्षेत्र में सरपंच पदों हेतु सामान्य - फरसो, गाजीपुर, विडयारी, खरैरी, नहरौली, बरखेडा, कनावर, नावली, समोगर, बाजना, पुराबाई खेडा, जसपुरा मौरोली, खानखेड़ा, वीरमपुरा। सामान्य महिला - सिंघाडा, नारौली, सिंघनियां, खेडली गडासिया, दहगांव, पालीडांग, सीदपुर, बरौदा, कोट, कलसाड़ा, जैसोरा, खूंटखेड़ा, थानाडांग, कपूरामलूका। अनुसूचित जाति - ब्रह्मबाद, निठारी, बंगसपुरा, परौआ, खोहरा, बागरैन, शेरगढ, शाहपुर। अनुसूचित जाति महिला - बयाना ग्रामीण, सादपुरा, दर्र बराहना, दमदमा, नगला मेदसिंह, मुआवली, नदीगांव, मिलकपुर। अनुसूचित जनजाति - धाधरैन। अनुसूचित जनजाति महिला - महलौनी। ओबीसी - महमदपुरा, महरावर, तरसूमा, सालाबाद, लहचोरा कलां तथा ओबीसी महिला - बन्ध बारैठा, गुर्धानदी, कैर, हरनगर, कारवारी ग्राम पंचायत आरक्षित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पंचायत समिति वैर क्षेत्र में सरपंच पदों हेतु सामान्य - आमोली, गोविन्दपुरा, जीवद, मौलोनी, रहीमगढ, समराया, सरसैना। सामान्य महिला - बझेराकलां, , अनुसूचित जनजाति - ऊनापुर। ओबीसी - भूतौली, जगजीवनपुर तथा ओबीसी महिला - रायपुर, सुहांस ग्राम पंचायत आरक्षित की गई।

## सभापति कमल सैनी ने नगर परिषद कोटपूतली का पदभार संभाला

**कोटपूतली,** (निसं)। नगर परिषद कोटपूतली के नवनिर्वाचित सभापति कमल सैनी ने गुरुवार को विधिवत रूप से सभापति पद का पदभार ग्रहण किया। समारोह में विधायक हंसराज पटेल, पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, उपसभापति गोपाल अग्रवाल सहित नगर परिषद के पार्षद, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। इस दौरान सभापति का पुष्पगुच्छ एवं मालाओं से स्वागत कर अभिनंदन किया गया।

पदभार ग्रहण करने के बाद सभापति कमल सैनी ने कहा कि शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए वे नियमित रूप से क्षेत्र में निकलकर मौके पर स्थिति का जायजा लेंगे और आमजन से संवाद करेंगे। सफाई, स्ट्रीट लाइट, सड़क, जल निकासी सहित नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना और वार्डों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण उनकी प्रमुख प्राथमिकता रहेगी।

- **'शहर की व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान रहेगा प्राथमिकता'**

सभापति ने नगर परिषद आयुक्त अरुण शर्मा से नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण कर नागरिक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पार्षदों से अपने-अपने वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सामने लाने का आव्हान करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन के समन्वय से शहर के विकास को गति दी जाएगी।

विधायक हंसराज पटेल ने सभापति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर परिषद की नई टीम के सामने शहर के विकास और आमजन की सुविधाओं को बेहतर बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

# मतदान केंद्र की मांग को लेकर ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**कोटपूतली,** (निसं)। पंचायतीराज चुनावों की आहट के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच निकटवर्ती ग्राम करवास में पोलिंग बूथ बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश लगातार जारी हैं। गुरुवार को ग्रामीणों ने सहायक निर्वाचन अधिकारी (तहसीलदार) रामधन गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर गांव में मतदान केंद्र बनवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि चुनाव आयोग की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट में करवास से बनका मतदान केंद्र की दूरी को महज 03 किलोमीटर दिखाया गया है, जिसे ग्रामीण पूरी तरह से झूठा और मनगढ़ंत बता रहे हैं। कागजों में दर्ज 03 किमी का सीधा रास्ता असल में गैर-मुमकिन नदी-नालों का बहाव क्षेत्र है, जहाँ 05 से 20 फीट चौड़े नाले हमेशा पानी से लबालब भरे रहते हैं।

दोनों गांवों के बीच से स्टेट हाईवे गुजरता है। इस हाईवे पर ना तो कोई कट है और ना ही कोई अंडरपास या ओवरब्रिज। पानी निकासी के लिए बना 5 5 फीट का छोटा सा संकरा होल हमेशा पानी से भरा रहता है, जहाँ से पैदल चलना भी नामुमकिन है।

यदि ग्रामीण सुरक्षित पक्की सड़क से घूमकर वोट डालने जाते हैं, तो उन्हें करीब 10 किलोमीटर का लंबा और थकाऊ चक्कर काटना पड़ेगा। ऐसे में बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों का वोट डालने जाना पूरी तरह असंभव हो जायेगा। करवास गांव की आबादी वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार 1655 है, जिसमें 1316 मतदाता हैं और यहाँ 12 वीं तक का सरकारी स्कूल भी है। ग्राम पंचायत के कुल 9 वार्डों में से अकेले 5 वार्ड करवास में आते हैं। दूसरी ओर बनका और उसकी ढाणियां की आबादी 1691 है, लेकिन मतदाता सिर्फ 1258 हैं और वहाँ केवल 08 वीं तक का स्कूल व 04 वार्ड शामिल हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिक मतदाता और बड़ी आबादी होने के बावजूद राजनीतिक दबाव और रसूखदारों की शह पर मुख्यालय व मतदान केंद्र 'बनका' को बना दिया गया।

ग्राम पंचायत पुनर्गठन के दौरान करवास को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की आपत्तियों पर भी प्रशासन ने कोई सुनवाई नहीं की। मतदाताओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए करवास गांव के भीतर ही (05 वार्डों के लिए) अलग से पोलिंग बूथ स्थापित किया जाए। उच्च अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की मौजूदगी में रास्ते का दोबारा निष्पक्ष और सही भौतिक सत्यापन किया जाए।


**ग्रामीणों ने सहायक निर्वाचन अधिकारी रामधन गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर गांव में मतदान केंद्र बनवाने की मांग की।**

- **कागजों में 03 किमी का सीधा रास्ता, जमीनी हकीकत में 10 किमी का सफर, ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी**

## सार-समाचार

### सांभर चेयरमैन पवन कुमार मोदी ने पदभार ग्रहण किया



**सांभरझील,** (निसं) यहा चेयरमैन पवन कुमार मोदी ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्र के विकास के अपने संकल्प को फिर से दोहराया। विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि सांभर की ज्वलंत समस्याओं के बारे में उन्हें अच्छी तरह से पता है, प्रमुख समस्याओं के समाधान के लिए वे अपना भरपूर प्रयास प्रारंभ कर देंगे। विधिवत पूजा अर्चना कर उन्होंने भगवान गणेश से शुभ कार्य का आशीर्वाद मांगा। मां शाकंभरी का ध्यान करके उन्होंने आसन ग्रहण किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोशी से अभिनंदन किया। मोदक खिलाकर पुष्पहार पहनाया तथा साफा बांधकर उनसे अपेक्षा की कि वे अपने संपूर्ण कार्यकाल में ऊर्जावान बने रहकर सांभर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस मौके पर नगर पालिका कार्यालय में कार्यकर्ताओं, उनके इष्ट मित्रों सहित पालिका का समस्त स्टाफ भी मौजूद रहा।

### लोधी समाज संस्था का चुनाव संपन्न




**जयपुर।** लोधी समाज संस्था जयपुर का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में एकमात्र सदस्य राकेश आर्य ने नामांकन दाखिल किया था अन्य कोई नाम नहीं आने के कारण चुनाव अधिकारी एडवोकेट पौरूष शर्मा ने निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। इस अवसर पर लोधी समाज संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष चंद्रभान सिंह लोधी, अमर सिंह लोधी राम अवतार सिंह लोधी संस्था के सचिव रामचंद्र पथरिया प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल पथरिया संस्था के कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह लोधी, मूलचंद लोधा, शशिकांत लोधी विक्रम पथरिया एवं आलोक के अध्यक्ष राजेश पथरिया सहित अन्य गण मन को उपस्थित थे सभी ने राकेश आर्य के अध्यक्ष बनने पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की साथ ही आशा व्यक्त की कि आपके कार्यनिष्ठा, दूरदर्शिता, समाज सेवा के प्रति समर्पण से संस्था को एक नई दिशा मिलेगी । राकेश आर्य के नेतृत्व में समाज का चहुमुखी विकास होगा एवं सामाजिक राजनीतिक एवं रचनात्मक कार्यों में संगठन को मजबूती प्रदान होगी।

### फुलेरा पालिकाध्यक्ष राजू दाधीच ने संभाला पदभार



**फुलेरा,** (निसं)। नगर पालिका मण्डल फुलेरा के नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष राजू दाधीच ने गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण किया। इस दौरान दाधीच ने कहा कि फुलेरा कस्बे का विकास बिना किसी भेदभाव के करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। जनता ने विश्वास जताकर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। फुलेरा नगरपालिका की अधिशासी अधिकारी महिमा सोनी ने राजू दाधीच को पदभार ग्रहण करवाया। पदभार संभालने के बाद पालिकाध्यक्ष ने मानवता का परिचय देते हुए पक्ष-विपक्ष के सभी पार्षदों का राजस्थानी परंपरा के अनुसार पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, मंडल अध्यक्ष प्रणव कयाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष रतन राजोरा, मनोज आहुजा, संजय पारीक, सुरेश सैनी सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### बाल टीबी संबंधी कैच-अप प्रशिक्षण आयोजित



**देवली।** ममता एचआईएमसी की ओर से साथी संस्था एवं जिला टीबी सेल के सहयोग से बुधवार को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक के सभागार में जिला स्तरीय बाल टीबी संबंधी कैच-अप प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है । बाल टीबी संबंधी कैच-अप प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बाल टीबी उन्मूलन की दिशा में प्रभावी कदम उठाना रहा है । प्रशिक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र चौधरी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ नानूराम कुलदीप, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव गुर्जर, खण्ड चिकित्सा अधिकारी देवली डॉ मनीष लोदी,मसर्रत मियां डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर जिला क्षय रोग कार्यक्रम डीपीसी टिंकू , नवरत्न जैन डीपीसी (ममता) ब्लॉक डॉट्स सुपरवाइजर देवली खेमराज चौधरी , ब्लॉक डॉट्स सुपरवाइजर मालपुरा रतनलाल चौधरी, ब्लॉक हैल्थ सुपरवाइजर पीपलू निवाई टोंक निसार खान,ब्लॉक डॉट्स सुपरवाइजर टोडारायसिंह ओम प्रकाश , ब्लॉक डॉट्स सुपरवाइजर निवाई विष्णु कांत , ब्लॉक डॉट्स सुपरवाइजर टोंक महेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### फार्मासिस्ट दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**टोंक,** (निसं)। प्रदेश भर में संचालित विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत एवं फैकल्टी ऑफ हेल्थ साइंसेज, डॉ. के.एन. मोदी विश्वविद्यालय, निवाई के संयुक्त तत्वावधान में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 30 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों एवं अन्य सहभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है।

### कृषि निदेशक रामलाल जाट ने फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण किया

**निवाई,** (निसं)। गांव सीन्दरा में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल जाट एवं सहायक निदेशक कृषि सांख्यिकी लक्ष्मीनारायण शर्मा ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्र्तगत फसल कटाई प्रयोगों की गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उड़द की फसल का निरीक्षण किया। संयुक्त निदेशक कृषि रामलाल जाट ने निरीक्षण के दौरान चयनित खेत, फसल की स्थिति, निर्धारित प्लॉट के मापदंडों तथा प्रयोग की संपूर्ण प्रक्रिया का परीक्षण किया। संयुक्त निदेशक जाट ने बताया कि फसल कटाई प्रयोग प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की आधारशिला हैं।